Question 2600 given in the Rajya Sabha on the 8th August, 1989 and state:

(a) whether the Anomaly Committee has given its recommendations for the grant of a pay scale of Rs. 1640—2900 to Assistants;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what is Government's reaction thereto and by when orders in this regard are likely to be issued?

THE PRIME MINISTER AND THE MINISTER FOR PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) No, Sir.

(b) and (c) Does not arise.

**वाराणसी और पटना में गंगा में हो रहे प्रदूषण पर नियंत्रण किया जाना**

64. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा कार्य योजना के अधीन वाराणसी और पटना में गंगा के प्रदूषण पर अब तक किस सीमा तक नियंत्रण किया गया है ?

**पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी)** : (क) गंगा कार्य योजना के अंतर्गत वाराणसी के लिए 39.58 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 35 स्कीमें और पटना के लिए 23.58 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 30 स्कीमें संस्वीकृत की गई हैं। इनमें से अब तक वाराणसी में 16 स्कीमें और पटना में 12 स्कीमें पूरी की जा चुकी हैं। पूरी की गई स्कीमों के परिणामस्वरूप अभी तक वाराणसी में 2.18 करोड़ रुपए लीटर प्रतिदिन और पटना में 3 करोड़ लीटर प्रतिदिन अपशिष्ट जल का अवरोधन दिशा परिवर्तन और उपचार किया जा चुका है। शेष अधिकांश स्कीमों के वर्तमान वित्त वर्ष के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है। सभी अनुमोदित स्कीमों के पूरा हो जाने पर वाराणसी में गंगा में प्रवाहित होने वाले 10.20 करोड़ लीटर प्रतिदिन तथा पटना में प्रवाहित होने वाले 6.7 करोड़ लीटर प्रतिदिन अपशिष्ट जल के अवरोधन, दिशा-परिवर्तन और उपचार की संभावना है।

**दिल्ली चिड़ियाघर की महिला कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायतें**

65. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** :

**क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को दिल्ली चिड़ियाघर की कुछ महिला कर्मचारियों से वहां के कार्यकारी निदेशक के खिलाफ उनके द्वारा उनसे दुर्व्यवहार करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है तथा दोषी अधिकारी के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यालयों में महिला कर्मचारी मान-मर्यादा के साथ अपना कार्य करें, सरकार क्या उपाय करने का विचार रखती है?

**पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मेनका गांधी)** : (क) से (ग) जी, हां। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली की तीन महिला कर्मचारियों ने कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के संयुक्त निदेशक द्वारा किए गए अशोभनीय और अनुचित व्यवहार तथा राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के कुछ कर्मचारियों की अनुशासनहीनता के प्रति ढिलाई दिखाने के संबंध में सरकार को अभ्यावेदन दिए थे। आरोप पर प्राथमिक जांच चल रही है।

सरकार अपने सभी कर्मचारियों को कार्य करने के लिए साफ और स्वस्थ परिवेश मुहैय्या कराने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि महिला कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अपने आप को असुरक्षित या तिरस्कृत महसूस न करें।